हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 22 दिसंबर 2025

06 छात्रों ने खोली अपनी कंपनी, कक्षा से सीधे कारोबार की...




07 नवनियुक्त जिला महामंत्री का प्रथम आगमन ...





## खबर संक्षेप

### ठंड व शीतलहर से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने दिए टिप्स

**सीहोर।** शीतलहर और अत्यधिक ठंड के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग द्वारा नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संचार माध्यमों से मौसम संबंधी पूर्वानुमानों की नियमित जानकारी रखने और उनका पालन करने को कहा गया है। शीतलहर के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचने, घर के अंदर रहने तथा ठंड में लंबे समय तक बाहर न रहने की अपील की गई है। नागरिकों को ऊनी कपड़ों की कई परतें पहनकर सिर, गर्दन, हाथ और पैरों को ढककर रखने, विटामिन-सी युक्त फल और सब्जियों का सेवन करने तथा शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए गर्म तरल पदार्थ पीने की सलाह दी गई है। साथ ही आसपास रहने वाले वृद्धजनों और बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है। नाक बहना, नाक बंद होना, फ्लू या नाक से खून आने जैसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सीय सलाह लेने की आवश्यकता बताई गई है। स्वास्थ्य विभाग ने बंद कमरों में अंगीठी, फायर पॉट या कोयले के उपयोग से बचने की सख्त चेतावनी दी है, क्योंकि इससे कार्बन मोनोऑक्साइड विषाक्तता का गंभीर खतरा होता है।

## वन्य जीवों की गणना, बाघिन भी चार शावकों के साथ आई नजर

# खिवनी अभ्यारण्य के जंगलों में 25 साल बाद लौटा 'सोन कुत्ता'

बता दें 18 दिसंबर से वाइल्ड लाइफ सेंचुरी खिवनी अभ्यारण में वन्य जीवों की गणना का दूसरा चरण प्रारंभ हुआ, जो 24 दिसंबर तक चलेगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

वन्यजीवन प्रेमियों के लिए वाइल्ड लाइफ सेंचुरी खिवनी से अच्छी खबर सामने आई है। जिले के खिवनी अभ्यारण में करीब 25 से 30 साल के लंबे अंतराल के बाद 'जंगली श्वान' (सोन कुत्ता/वाइल्ड डॉग) दिखाई दिया है। इतना ही नहीं सर्वे के दौरान एक बाघिन के चार शावकों के साथ घूमने के प्रमाण भी मिले हैं, जिससे इस बार सेंचुरी में बाघों की संख्या में बड़ी वृद्धि की उम्मीद जताई जा रही है।

बता दें 18 दिसंबर से वाइल्ड लाइफ सेंचुरी खिवनी अभ्यारण में वन्य जीवों की गणना का दूसरा चरण प्रारंभ हुआ, जो 24 दिसंबर तक चलेगा। खिवनी रेंज के रेंजर भीमसिंह सिसोदिया ने बताया कि टीमें सुबह 5 बजे से ही जंगलों में साक्ष्य जुटा रही हैं। पहले ही दिन तेंदुए और बाघों के पगमार्क के साथ-साथ (सोन कुत्ते) के जोड़े का दिखना वाइल्ड लाइफ सेंचुरी खिवनी अभ्यारण को उत्साहित कर रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि इन दुर्लभ जीवों का दिखना इस बात का संकेत है कि खिवनी का जंगल इन दुर्लभ जीवों के लिए अनुकूल होता नजर आ रहा है। रेंजर सिसोदिया ने बताया कि तीन दिन मांसाहारी वन्य जीवों की गणना होगी, तीन दिन शाकाहारी वन्य जीवों की गणना होगी।



### बाघों का बढ़ेगा कुनबा

जिले में 7 दिसंबर से शुरू हुई गणना के दौरान पहले चरण में बाघों की मौजूदगी के साक्ष्य मिले थे। खिवनी में पहले से ही 10 बाघ मौजूद हैं, लेकिन अब चार शावकों के साथ बाघिन के प्रमाण मिलने से यह संख्या बढ़कर 15 के पार पहुंच सकती है। अगले 6 दिनों तक चलने वाले इस सर्वे में पहले 3 दिन मांसाहारी और अगले 3 दिन शाकाहारी जीवों की गणना की जाएगी।

### बेहद खूंखार शिकारी है सोन कुत्ता

रेंजर भीमसिंह सिसोदिया ने बताया कि जंगली श्वान (वाइल्ड डॉग) मुख्य रूप से कान्हा, पेंच और सतपुड़ा जैसे बड़े नेशनल पार्कों में पाए जाते हैं। ये झुंड में रहते हैं और बेहद खतरनाक शिकारी माने जाते हैं। इनकी खासियत यह है कि ये अपने शिकार को जीवित अवस्था में ही नोंचकर खाना शुरू कर देते हैं, जबकि बाघ या तेंदुआ शिकार को मारने के बाद खाते हैं। बाघ भी आमतौर पर इनके झुंड से सीधे नहीं भिड़ते। खिवनी में इनके जोड़े का दिखना और प्रजनन के लिए इस क्षेत्र को चुनना खिवनी अभ्यारण के लिए बड़ी उपलब्धि है।

### टीमें जंगल में कर रहीं है सर्वे

हमारी टीमें लगातार जंगल में सर्वे कर रही हैं। 25 साल बाद जंगली श्वान का दिखना और बाघिन के साथ शावकों के प्रमाण मिलना शुभ संकेत हैं। यह वन्यजीवों के प्रति अनुकूल वातावरण का परिणाम है।

**भीमसिंह सिसोदिया,** रेंजर खिवनी अभ्यारण

## राज्य शिक्षक संघ ने निकाली रैली, मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन




**सीहोर।** राज्य शिक्षक संघ जिला सीहोर द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम राज्य शिक्षा सेवा में नियुक्त शिक्षक संवर्गों की समस्याओं के निराकरण के संबंध में समस्त शिक्षक शासकीय खेलकूद संस्थान भोपाल नाका परिसर पर एकत्रित होकर आगामी रणनिती को लेकर अपने-अपने विचार व्यक्त किये और रैली निकालकर जिलाधीश प्रतिनिधि धीरेंद्र वर्मा राजस्व निरीक्षक एवं जिला शिक्षा अधिकारी प्रतिनिधि उमेश सिंह राठौड़ कनिष्ठ लेखा परीक्षक को निम्नलिखित मांगों के संबंध में ज्ञापन सौपा गया।

जिसमें प्रमुख मांग नवीन शिक्षक संवर्ग में प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता का लाभ प्रदान किया जावे। जिले में प्राथमिक माध्यमिक उच्च माध्यमिक शिक्षक के क्रमोन्नत एवं समयमान वेतनमान के आदेश शीघ्र जारी किया जावे।

सरकारी विद्यालय में शिक्षक नियमित रूप से विद्यालय जाकर निष्ठा पूर्वक कार्य करते हैं, इसी का परिणाम है कि प्रदेश में प्रवीण सूची में शासकीय विद्यालयों के बच्चे अग्रणी रहते हैं। इसलिए नियमित उपस्थिति के लिए इ-अटेंडेंस अव्यावहारिक है, जिसे तत्काल बंद किया जावे। ज्ञापन सौपने वालों में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष विश्वजीत त्यागी, संजय सिंह जादौन संरक्षक, सुरेश गुप्ता, जागेश्वर भगत, यशवंत ठाकुर, जय सिंह ठाकुर, चन्दर सिंह ठाकुर, हरदयाल आजाद, रमन तिवारी, महेंद्र सोलंकी, सम्राट ढोके, जगदीश मालवीय, इन्दर सिंह ठाकुर, एस.एस.परिहार, गोपाल ठाकुर, कृपाल ठाकुर, भूपेन्द्र सिंह, सुरेन्द जामलिया, डी.एस.राणा, ब्रजेश शर्मा, बाबूलाल धुर्वे, सुखदेव धुर्वे, आर.व्ही.उदयपुरिया, चुन्नीलाल परमार, अनोखीलाल परमार, जगदीश राठौर, रवि शर्मा, ओमप्रकाश सेन, प्रेमराज जाट, राजेन्द्र तिवारी, अतुल सेन, गुलाब वर्मा, गोपाल वर्मा, लक्ष्मण सिंह ठाकुर, देवेन्द्र पटेल, मुकेश वर्मा, स्वरूप गोफनिया, रामसिंह जलोदिया, अनिल कलमोदिया, अबरार सिद्दिकी, जहीर, विरेन्द्र व्यास, सुबोध, निरज त्यागी, राजेश कसोटिया, घनश्याम दोगने, विनोद मालवीय, आशीष शर्मा, राजेश राठी, सतीष राठी, सुरेश मण्डलोई, राजेश मण्डलोई, जगदीश वर्मा, नरेश गौर, पुरुषोत्तम पचवारिया, राधेश्या मीना, अनिल नरोलिया, देवेन्द्र राठौर, भैय्यालाल महोबिया आदि उपस्थित रहे।

## 5वीं और 8वीं की परीक्षाएं फरवरी में, टाइम टेबल जारी

**सीहोर।** राज्य शिक्षा केंद्र ने पांचवीं और आठवीं की वार्षिक परीक्षा का टाइम टेबल जारी कर दिया है। इसके तहत बोर्ड पैटर्न पर होने वाली कक्षा 5वीं और 8वीं की परीक्षा 20 फरवरी से शुरू होगी।

5वीं की परीक्षा 26 फरवरी को समाप्त होगी और 8वीं की 28 फरवरी को। दोनों परीक्षाएं दोपहर 2 से 4:30 बजे तक चलेंगी। प्रश्न पत्र राज्य शिक्षा केंद्र ने तैयार कराए हैं। इन्हें जिला स्तर पर प्रिंट कराकर केंद्रों तक भेजा जाएगा। डीपीसी आरआर उइके के अनुसार राज्य स्तर से परीक्षा के निर्देश मिले हैं। टाइम टेबल जारी कर दिया गया है।

टाइम टेबल के अनुसार 5वीं का पहला पेपर 20 फरवरी को प्रथम भाषा हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, मराठी का होगा। 21 फरवरी को गणित या संगीत (दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए), 23 फरवरी को द्वितीय भाषा अंग्रेजी या हिंदी, 25 को पर्यावरण अध्ययन, 26 को अतिरिक्त भाषा का पेपर होगा।

अतिरिक्त भाषा में हिंदी, संस्कृत, उर्दू, पंजाबी, चित्रकला (मूकबधिर परीक्षार्थियों के लिए) शामिल होंगे।एक ओर जहां राज्य शिक्षा केंद्र ने पांचवीं और आठवीं की वार्षिक परीक्षा का टाइम टेबल जारी किया है, वहीं दूसरी ओर मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है।

## आधा दर्जन गांव के किसान अग्निपीड़ित परिवार की मदद के लिए आगे आए, जुटाई 25 हजार की राशि

**आग ने सब छीन लिया, इंसानियत ने सब लौटा दिया: दूसरे दिन भी किसानों ने थामा अग्निपीड़ितों का हाथ**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के ग्राम पाटनी में शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात लगी भीषण आग ने दो सगे भाइयों इकबाल और इरफान की पूरी दुनिया पलभर में राख कर दी थी। आधी रात करीब तीन बजे उठी लपटों ने घर, अनाज, नकदी, जेवरात और वर्षों की मेहनत को निगल लिया। आग इतनी विकराल थी कि ग्रामीणों के अथक प्रयास भी नाकाम रहे। जब सुबह हुई तो दो परिवार खुले आसमान के नीचे थे।

आंखों में आंसू, चेहरों पर सन्नाटा और दिलों में अनगिनत सवाल थे, लेकिन इस अंधेरे के बीच इंसानियत की रोशनी बुझी नहीं। पहले दिन ग्रामीणों द्वारा जुटाई गई 16 हजार की सहायता के बाद, दूसरे दिन भी आसपास के पांच से छह गांवों के किसान और ग्रामीण आगे आए। चंदेरी के समाजसेवी व किसान एमएस मेवाड़ा स्वयं आगे रहकर सहायता राशि देने की शुरुआत की। मेवाड़ा की प्रेरणा से रामाखेड़ी के किसान मोतीलाल, बिलकिसगंज के प्रीतम मेवाड़ा, मांगीलाल परमार, खामखेड़ा के रावतिया पटेल, सीलखेड़ा के प्रेम बरेला,रत्नाखेड़ी के पप्पू पटेल सहित अन्य किसानों ने मिलकर 25 हजार रुपये की राशि जुटाई। इस तरह दो दिनों में जनसहयोग से कुल 41 हजार रुपये अग्निपीड़ित परिवारों को सौंपे गए, ताकि वे जीवन की नई शुरुआत कर सकें। ज्ञात रहे कि आगजनी में करीब 25 लाख रुपये के नुकसान, पांच लाख नकद, लाखों का लहसुन, फ्रिज-कूलर, गृहस्थी का सामान, चार किलो चांदी, छह तोला सोना सब कुछ राख हो चुका।



इस सामूहिक प्रयास ने साबित कर दिया कि गांवों की आत्मा आज भी जिंदा है। किसी ने 200 दिए, किसी ने 500, तो किसी ने 1000 रुपये छोटे-छोटे योगदान मिलकर बड़ा सहारा बन गए। ज्ञात रहे कि आप जीने की सूचना मिलते ही पहले दिन समाजसेवी और किसान एमएस मेवाड़ा स्वयं गांव पहुंचे थे और पीड़ित परिवारों के आंसू पोंछने के साथ लोगों से मदद की अपील की थी । किसानों और ग्रामीणों की यह एकजुटता सिर्फ आर्थिक सहायता नहीं थी, बल्कि टूट चुके हौसलों को फिर से खड़ा करने की कोशिश थी। सरकार से मुआवजे और आवास की मांग समाजसेवी एमएस मेवाड़ा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, जिला प्रशासन और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मांग की है कि आगजनी में हुए भारी नुकसान को देखते हुए पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा दिया जाए। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दोनों भाइयों को स्थायी आवास उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि जब संकट की घड़ी में किसान और ग्रामीण आगे आए हैं, तो सरकार को भी संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल मदद करनी चाहिए।

### लगातार तीसरे दिन घना कोहरा छाया

# न्यूनतम तापमान 5 डिग्री दर्ज शीत लहर की चेतावनी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले में रविवार को कड़ाके की ठंड ने लोगों की नींद उड़ा दी। जिले में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे शीतलहर का असर बढ़ गया। घने कोहरे के कारण दृश्यता भी काफी कम रही और सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया।

**तीन दिन से लगातार छा रहा कोहरा :** मौसम विभाग के अनुसार, लगातार तीसरे दिन जिले में घना कोहरा छाया रहा। खेतों में ओस की बूंदें जम गईं और सुबह का नजारा बेहद ठंडा रहा।



मौसम विशेषज्ञ डॉ. एस.एस. तोमर ने बताया कि हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में पश्चिमी विक्षोभ की वजह से बर्फबारी हो रही है। ये सर्द हवाएं मध्य प्रदेश तक पहुंच रही हैं, जिससे तापमान लगातार नीचे जा रहा है।

डॉ. तोमर ने आगे कहा कि अगले दो दिन भी उत्तर दिशा से बर्फीली हवाएं चलने से ठंड जारी रहेगी। मावठे (बारिश) की संभावना भी है, जिससे तापमान और गिर सकता है। सीहोर में करीब एक माह पहले ठंड ने दस्तक दी थी और तब से न्यूनतम तापमान लगातार नीचे आ रहा है। इस ठंड से जिले के लोग काफी प्रभावित हैं और सुबह-सुबह घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है।

**पिछले दिनों ऐसा रहा तापमान**

| | |
|---|---|
| 9 दिसंबर | 6.7°C |
| 10 दिसंबर | 6.5°C |
| 11 दिसंबर | 6.7°C |
| 12 दिसंबर | 5.4°C |
| 13 दिसंबर | 5.7°C |
| 14 दिसंबर | 7.2°C |
| 15 दिसंबर | 4.5°C |
| 16 दिसंबर | 5.4°C |
| 17 दिसंबर | 3.9°C |
| 18 दिसंबर | 5.5°C |
| 19 दिसंबर | 5.5°C |
| 20 दिसंबर | 5.8°C |
| 21 दिसंबर | 5.0°C |

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 1042. राजू साहू पिता\पति चंद्रकांत साहू पता- डूमर तालाब रायपुर 1043. यामिनी देवांगन पिता\पति श्री जितेन्द्र देवांगन पता - न्यू चंगोरा भाटा रायपुर 1044. संस्कृति सोनकर पिता\पति संदीप सोनकर पता- सत्ती मंदिर सोनकर पारा पुरानी बस्ती रायपुर 1045. एश्वर्या देवांगन पिता\पति मनोज देवांगन पता - भीम नगर 1046. केशव देवांगन पिता\पति श्री प्रशांत देवांगन पता - रायपुर टिकरापारा 1047. श्रीमति सुषमा साहू पिता\पति स्व. श्री वी. आर. साहू पता-पोटिया कला न्यूज़ मिनाक्षी नगर दुर्ग, 1048. निशा प्रसाद पिता\पति राजपत प्रसाद पता-दुर्ग, 1049. कली राम यादव पिता\पति श्री प्रसादी राम यादव पता-बैगा पारा दुर्ग, 1050. योगेश सिंह राजपूत पिता\पति लतेल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, 1051.लक्ष्य पटेल पिता\पति श्री दुर्गेश पटेल पता-पटेल पारा उरला दुर्ग, 1052. रेवा राम यादव पिता\पति कन्हर यादव पता-कसारीडीह दुर्ग, 1053. देवेन्द्र कुमार साहू पिता\पति भिखम साहू पता-गातापार बेल्हारी दुर्ग, 1054. रामदास मानिकपुरी पिता\पति स्व. बिसम्भर दास पता-टेमरी सुरमा दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण -** 1055. प्रांजल वर्मा पिता/पति - संतोष कुमार वर्मा पता - सरगुजा 1056. सुनील मुंडा पिता/पति - राम रतन मुंडा पता- सरना पारा 1057. अनिल कुमार अग्रवाल पिता/पति- निरंजन अग्रवाल पता- जोड़ा पीपल अम्बिकापुर 1058. मेधा गोयल पिता/पति - आयुष गोयल पता - भैयाथान सूरजपुर 1059. ज्ञानेश्वरी एक्का पिता/पति- छबि लाल एक्का पता- बलरामपुर 1060. सना आफ़रीन पिता/पति- अमीन अख्तर पता- जरहागढ़ महामाया रोड 1061. मालवाती सिंह पिता/पति- जगत सिंह पता -नमनकला सटीक पार1062. पंकज राज भगत पिता/पति- इदर साय भगत पता - नायपार फूँदडीह अम्बिकापुर 1063. अलफिया फातिमा सिद्दीकी पिता/पति- मकसूद अहमद पता - बरेजपारा सदर रोड लक्ष्मी चौक 1064. बेनेदीक तिर्की पिता/पति - एलबस तिर्की पता - तुलसी चौक गंगापुर अम्बिकापुर 1065. श्रीमती सीमा केडिया पिता/पति- अजय कुमार केडिया पता - देवीगंज रोड अम्बिकापुर 1066.दीपमाला कुशवाहा पिता/पति - रोशन लाल कुशवाहा पता - केदारपुर अम्बिकापुर 1067. ऋचा दुबे पिता/पति - केनाबन्ध बौरिपारा अम्बिकापुर 1068. सिकंदर दास पिता/पति -मणिपुर चौक अम्बिकापुर 1069. स्नेह लता मेहता पिता/पति - कन्या परिसर रोड कमल भवन अम्बिकापुर 1070. नमन मिश्रा पिता/पति- राजेन्द्र कुमार मिश्रा पता - शीतल किरना स्टोर के पास गंगापुर 1071. रीता केरकेटा पिता/पति- राजेश बरवा पता - गंगापुर स्कूल पारा अम्बिकापुर 1072. वासु गुप्ता पिता/पति - महेंद्र प्रसाद गुप्ता पता - ब्रहम रोड सती पारा अम्बिकापुर 1073. आदिती पिता/पति- रिंकू पता - केंटीन दफई हरदी बाड़ी 1074. ममता मिश्रा पिता/पति - कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1075. हारून रसीद पिता/पति - मुस्ताक अहमद पता- वार्ड- 36, महामाया रोड 1076. प्रवीण कुमार मिश्रा पिता/पति -कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1077. शिवंशी सिन्हा पिता/ पति - शिव प्रकाश सिन्हा पता - शीतल वार्ड - 32, अम्बिकापुर 1078. आदित्य एक्का पिता/पति - मंगल एक्का पता - सूरजपुर बस स्टैन्ड 1079. पूनम फातिमा पिता / पति - शिवनाथ पता - अम्बिकापुर 1080. राजकुमार वैष्णव पिता/पति- भगत वैष्णव पता - गंगापुर अम्बिकापुर 1081. अशोक कुमार भगत पिता/पति - भुनेश्वर राम भगत पता - नमनकला राज मोहनी देवी वार्ड , **भोपाल संस्करण** 1082. अब्दुल लतीफ खान पिता\पति - अनीस उर रहमान कसेरापुरा शाहजानाबाद भोपाल,1083.दिशा जैतवाल पिता\पति–दीपक जैतवाल बैरागढ़कला, 1084. दीपक चौकसे पिता\पति - जमना प्रसाद11लाम्बाखेड़ा, 1085. प्रेम शंकर कोरी पिता\पति - दुर्गा प्रसाद कोरीबाग मुगलिया श्रीराम नगर, 1086. तालिका पटेल पिता\पति - कमलेश पटेल मकान न. 36 नई बस्ती बाग मुगलिया, 1087. सिदरा खान पिता\पति - इजराइल खान193 नयापुरा पंचशील नगर, 1088. आकृति सेन पिता\पति - सुरेन्द्र सेन चार इमली भोपाल, 1089. आदित्य शर्मा पिता\पति - सोमेश शर्मा कृषक नगर, 1090. नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगर करोद भोपाल, **जबलपुर संस्करण-** 1091. संजय नामदेव पिता\पति - स्वर्गीय राम मिलन नामदेव निगवानी रोड कोतमा वार्ड नंबर 4, 1092. स्मृति द्विवेदी पिता\पति - श्री आलोक नारायण द्विवेदी अनूपपुर वार्ड नंबर 13, 1093. मीमांशा सनादय पिता\पति - प्रणय कुमार शर्मा वार्ड नंबर 9 जैतहरी मार्ग अनूपपुर, 1094. गौरी सोनी पिता\पति - श्री बाला प्रसाद सोनी कोतमा, 1095. आयुष साहू पिता\पति - श्री अजय साहू जबलपुर, 1096. सोनू साहू पिता\पति - समदड़िया ग्रीन सिटी विजयनगर, 1097. अमर चौधरी पिता\पति - आसाराम चौधरी मकान नंबर 93 प्रेम सागर पुलिस चौकी के पास,1098. मकसूद अहमद बरेसपारा अम्बिकापुर 1099. अर्चना चौबे शंकर घाट अम्बिकापुर 1100. अजय कुमार पासवान बनारस रोड गांधीनगर।

नियम एवं शर्तें लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### समग्र पोर्टल में आधार ई-केवाईसी अनिवार्य

**सीहोर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं में समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। अब किसी भी हितग्राही को विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए समग्र पोर्टल पर स्वयं का आधार ई-केवायसी करना होगा। समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी के बाद ही विभागीय पोर्टल पर आवेदन दर्ज हो सकेगा। ऑनलाइन प्रणाली नहीं है, उनमें आवेदन को स्वीकृत करने से पहले संबंधित स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी की पुष्टि की जायेगी। पुष्टि के बाद ही नियमानुसार स्वीकृति प्रदान की जायेगी। विभाग की सभी योजनाओं में आधार ई-केवायसी अनिवार्य करने, बैंक खाता आधार लिंक और डीबीटी सक्रिय कराने के निर्देश दिये है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा समग्र पोर्टल नागरिकों की आधार ई-केवायसी की कार्यवाही की जा रही है। विभाग द्वारा संचालित सभी पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का भी आधार ई-केवायसी सुनिश्चित करें। हितग्राहियों तक ई-केवायसी सुविधा पहुँचाने के लिए समग्र सामाजिक सुरक्षा अधिकारी अपने क्षेत्र में संचालित सेवा प्रदाता एजेंसी और जिला/ सहायक ई-गवर्नेंस प्रबंधकों से समन्वय कर ग्राम पंचायत या वार्ड स्तर पर शिविर लगा कर अधिक से अधिक हितग्राहियों का आधार ई-केवायसी सुनिश्चित करें।

### सिस्टम की खुली लूट! घटिया निर्माण ने खोली स्वास्थ्य विभाग-ठेकेदार की पोल

# 65 लाख रुपए से बना आरोग्य मंदिर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा ! उद्घाटन से पूर्व ही दीवारों में आईं दरारें

**तहसील भैरुंदा के ग्राम भादाकुई में बना यह आरोग्य केंद्र दिसंबर 2024 में पूर्ण कर स्वास्थ्य विभाग को सौंप दिया गया था। हैरानी की बात यह है कि करीब एक साल बाद भी न तो इसका उद्घाटन हुआ और न ही नियमित स्वास्थ्य सेवाएं शुरू की गईं।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

ग्रामीणों को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं देने के सरकारी दावे उस वक्त खोखले साबित हो गए, जब 65 लाख रुपये की लागत से बना आरोग्य केंद्र उद्घाटन से पहले ही जर्जर हालत में नजर आया। दीवारों में गहरी दरारें, जगह-जगह उखड़ा प्लास्टर और सुविधाओं का पूरी तरह अभाव — यह तस्वीर न सिर्फ घटिया निर्माण की है, बल्कि सरकारी तंत्र में फैली लापरवाही और संभावित भ्रष्टाचार की भयावह हकीकत भी उजागर करती है।

### बिना मरीज, बिना डॉक्टर 65 लाख के भवन में दरारें ओर प्लास्टर उद्घाटन से पहले कैसे उखड़ गया?

तहसील भैरुंदा के ग्राम भादाकुई में बना यह आरोग्य केंद्र दिसंबर 2024 में पूर्ण कर स्वास्थ्य विभाग को सौंप दिया गया था। हैरानी की बात यह है कि करीब एक साल बाद भी न तो इसका उद्घाटन हुआ और न ही नियमित स्वास्थ्य सेवाएं शुरू की गईं। इससे पहले कि एक भी मरीज यहां पहुंचे, भवन खुद 'बीमार' हो गया।





### ग्रामीणों का सीधा आरोप - मिलीभगत से हुआ घटिया निर्माण

ग्राम पंचायत भादाकुई के स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत से निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया। उनका कहना है कि यदि निर्माण मानकों के अनुसार होता, तो यह भवन उपयोग से पहले ही जर्जर नहीं होता। आरोग्य केंद्र बंद होने से ग्रामीणों को इलाज के लिए कई किलोमीटर दूर जाना पड़ रहा है, जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी हो रही है।

दीवारों में दरारें और झड़ता प्लास्टर साफ बता रहा है कि निर्माण में गुणवत्ता की खुली अनदेखी की गई।



**भवन खड़ा है, लेकिन सुविधाएं नदारद :** नवीन आरोग्य केंद्र में न फर्नीचर है, न बिजली कनेक्शन और न ही जरूरी उपकरण। लाखों की योजनाएं कागजों में पूरी दिखा दी गईं, लेकिन जमीनी हकीकत यह



है कि यह भवन सिर्फ ईंट—सीमेंट का ढांचा बनकर रह गया है। सरकार की 'स्वास्थ्य सबके लिए' योजना यहां मजाक बनती नजर आ रही है।

### अधिकारी के दावे में कितनी सच्चाई

भैरूंदा ब्लॉक के सीबीएमओ मनीष सारस्वत का कहना है कि आरोग्य केंद्र चालू है और जून में सीएचओ की पदस्थापना भी हो चुकी है। लेकिन सीएचओ राजकुमारी परमार ने खुद माना कि भवन में बिजली और फर्नीचर जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं हैं। गांव से दूरी अधिक होने के कारण फिलहाल आंगनवाड़ी केंद्र से सेवाएं दी जा रही हैं।

### ग्रामीणों ने भवन निर्माण में उच्चस्तरीय जांच की मांग

ग्रामीणों ने मांग की है कि इस भवन के निर्माण कार्य की स्वतंत्र तकनीकी जांच कराई जाए, दोषी ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट किया जाए और जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई हो। उनका कहना है कि अगर अब भी कार्रवाई नहीं हुई, तो यह मामला भ्रष्टाचार की एक और फाइल बनकर दफ़न हो जाएंगी।

सब इंजीनियर जयश्री का कहना है कि ठेकदार को मरम्मत कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# रोहिला मित्र मंडली ने किया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष यादव का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

हाल ही में प्रदेश सहित जिले में नो ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा की गईं है. इसी कड़ी में सीहोर ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर युवा नेता घनश्याम यादव को जिम्मेदारी सोपी गई है। अध्यक्ष बनने के बाद से ही यादव के स्वागत का सिलसिला जारी है।

इसी कड़ी में शनिवार को जिला कांग्रेस महामंत्री आशीष रोहिला के नेतृत्व में नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम यादव का स्वागत किया गया. इस अवसर पर कपिल सूर्यवंशी, रिंकू चक्रधर, आकाश भैरवे, प्रवेश राजपूत, प्रदीप सरकार, सोनू सूर्यवंशी आदि मौजूद रहे।



### नए पंजीयन करने वालों के लिए बनेंगे जीएसटी सेवा केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जीएसटी के नये पंजीयन लेने वाले व्यक्तियों में हाई रिस्क स्कोर के अंतर्गत आने वाले व्यवसाईयों के बायोमेट्रिक से आधार का सत्यापन करने के लिए जीएसटीएन की मदद से जीएसटी सेवा केंद्र स्थापित किए जाएंगे। नये डाटा एनालिसिस एंड मॉनिटरिंग कार्य से संबंधित नये प्लेटफार्म दिशा - डेटा इंटेलिजेंस सिस्टम फॉर हॉलिस्टिक एनालिसिस का उपयोग शुरू कर दिया गया है। यह बात उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने विभाग की समीक्षा के दौरान कही।

विभाग द्वारा जीएसटीएन, जीएसटी प्राइम, एनआईसी, ई-वे बिल जैसे विभिन्न पोर्टल पर उपलब्ध लगभग 105 रिपोर्ट को फील्ड अधिकारियों को देकर कर ऑनलाइन वेब पेज के माध्यम से कर चोरी के प्रकरणों की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। जीएसटी रिटर्न फाइलिंग करने में मध्यप्रदेश देश के अग्रणी राज्य में है।

बोगस पंजीयन की रोकथाम के लिए पंजीयन आवेदन के साथ व्यवसाय स्थल के प्रमाण के रूप में दिए गए उपभोक्ता बिजली क्रमांक का ऑनलाइन वेरिफिकेशन विद्युत वितरण कंपनी के डेटा से करने की व्यवस्था की गई है।

# छात्रों ने खोली अपनी कंपनी, कक्षा से सीधे कारोबार की दुनिया में कदम




**भैरूंदा।** क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की पहचान बन चुका सांदीपनि विद्यालय भैरूंदा एक बार फिर नवाचार के कारण चर्चा में है। बदलते समय और वैश्विक शिक्षा मानकों के अनुरूप विद्यालय ने शिक्षण पद्धतियों को नया आयाम देते हुए विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़ाकर व्यवहारिक शिक्षा से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। इसी क्रम में कॉमर्स संकाय के छात्रों ने शैक्षणिक उद्देश्य से अपनी डमी कंपनी "चार्ली फूड प्रायवेट लिमिटेड" की स्थापना कर यह साबित कर दिया कि अब पढ़ाई केवल कक्षा तक सीमित नहीं रही।

सीएम राइज विद्यालय के रूप में विकसित होने के बाद बीते तीन वर्षों में विद्यालय की कार्यप्रणाली में व्यापक बदलाव देखने को मिला है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विज़न के अनुरूप विद्यालय गुरु-शिष्य परंपरा के तहत विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर, कौशलयुक्त और व्यावहारिक जीवन के लिए तैयार कर रहा है। यहां प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग के माध्यम से विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन की परिस्थितियों से जोड़ते हुए सीखने के अवसर दिए जा रहे हैं।

विद्यालय में तीन दशकों से अधिक समय से संचालित कॉमर्स संकाय की मजबूत परंपरा रही है। इस संकाय से निकले अनेक विद्यार्थी आज मल्टीनेशनल कंपनियों, शासकीय सेवाओं और चार्टर्ड अकाउंटेंट जैसे प्रतिष्ठित पदों पर कार्यरत हैं। इसी सशक्त नींव पर आगे बढ़ते हुए विद्यार्थियों ने "चार्ली फूड प्रायवेट लिमिटेड" की स्थापना की है, जहां कंपनी गठन से लेकर शेयर पूंजी निर्धारण, निवेश, ऋण और प्रबंधन तक की पूरी प्रक्रिया को नियमानुसार पूरा किया गया है। विद्यालय द्वारा कंपनी को क्रेडिट लिमिट भी स्वीकृत की गई है, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने शेयर के माध्यम से पूंजी निवेश किया है।

### शिक्षा का उद्देश्य आत्मनिर्भरता

विद्यालय के प्राचार्य शैलेन्द्र लोया ने बताया कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर और व्यवहारिक बनाना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप विद्यालय में प्रोजेक्ट बेस्ड, कौशल आधारित और अनुभवात्मक शिक्षा पर विशेष जोर दिया जा रहा है, ताकि विद्यार्थी भविष्य की चुनौतियों का आत्मविश्वास से सामना कर सकें।

### कक्षा से करियर तक की सीधी राह

पिछले 28 वर्षों से विद्यालय में कार्यरत अर्थशास्त्र शिक्षक रघुवीर सिंह राजपूत ने कहा कि जब विद्यार्थियों को वास्तविक परिस्थितियों से जोड़कर पढ़ाया जाता है, तो उनकी सीखने में रुचि बढ़ती है और यह उनके करियर निर्माण में मील का पत्थर साबित होती है। वहीं कॉमर्स संकाय की प्रमुख शिक्षिका राधिका भवरेटा ने बताया कि कॉमर्स और अर्थव्यवस्था किसी भी देश की रीढ़ होती है, और इस परियोजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को इन अवधारणाओं को दैनिक जीवन से जोड़कर समझाना है।

### व्यापार मेले में दिखेगा हुनर

कंपनी की प्रबंध निदेशक छात्रा दीपाली मालवीय ने बताया कि सभी विद्यार्थी आगामी व्यापार मेले को लेकर बेहद उत्साहित हैं। प्रारंभिक चरण में कंपनी विद्यालय स्तर पर कार्य करेगी, जहां लाभांश, विपणन, उत्पादन, आपूर्ति और प्रबंधन जैसी प्रक्रियाओं को व्यवहारिक रूप से समझा जाएगा। उन्होंने कहा कि प्राचार्य और शिक्षकों का मार्गदर्शन इस पूरे प्रयास में निरंतर मिलता रहा है।

कुल मिलाकर, सांदीपनि विद्यालय का यह प्रयोग न केवल विद्यार्थियों को व्यावहारिक शिक्षा से जोड़ रहा है, बल्कि यह संदेश भी दे रहा है कि यदि सही दिशा और मार्गदर्शन मिले, तो स्कूल स्तर पर ही उद्यमिता और आत्मनिर्भरता की मजबूत नींव रखी जा सकती है।

# एसोसिएशन ने पेंशनर दिवस किया आयोजित



**सीहोर।** मप्र विद्युत मंडल पेंशनर एसोसिएशन ने 17 दिसंबर को पेंशनर दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया। कार्यक्रम गीता भवन में हुआ। शुरुआत सामूहिक राष्ट्रगान से की गई। इस मौके पर पेंशनर दिवस के महत्व पर एसएस सिंह ने कहा कि यह दिवस स्वर्गीय डीएस नाकारा की स्मृति में मनाया जाता है। उन्होंने पेंशनरों के अधिकारों और सम्मान के लिए लंबा संघर्ष किया। 17 दिसंबर 1982 को सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले से पेंशनरों को न्याय और गरिमा मिली। उसी उपलब्धि की याद में हर साल यह दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम में एसएल नरेड़ा, सीबी यादव, एसएस सिंह, अवधनारायण इटावादिया, लाड़सिंह वर्मा, प्रेमसिंह मेवाड़ा, रमेश झंवर, राधेश्याम वर्मा, अर्जुन सिंह, कृष्णमोहन श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में पेंशनर साथी शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में 5 जनवरी 2026 को होने वाले सम्मेलन की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक भी हुई।

# मप्र शिक्षक संघ जिला इकाई की बैठक में लिए कई निर्णय

**सीहोर।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला सीहोर की जिला कार्यकारिणीके सभी पदाधिकारियों की बैठक प्रदेश कार्यकारिणी के निर्देशानुसार रविवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सीहोर में दोपहर 1:00 बजे संपन्न हुई, जिसमें सभी ब्लाक कार्यकारिणी के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे बैठक में निम्न बिंदुओं पर सहमति बनी।

प्रत्येक विकासखंड में मंडल रचना पूर्ण कर संयोजक एवं सहसंयोजक की नियुक्ति की गई, हमारा विद्यालय हमारा तीर्थ योजना हेतु एक संयोजक एवं दो सहसंयोजक की भी नियुक्ति की गई । हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान के सफल आयोजन के लिए समस्त प्राचार्य एवं प्रधान अध्यापक को धन्यवाद ज्ञापित करने हेतु कार्यक्रम की योजना की रूपरेखा बनाते हुए धन्यवाद ज्ञापित करने का कार्यक्रम रखा गया । कर्तव्य बोध दिवस कार्यक्रम आयोजन की योजना संगठन के सभी पदाधिकारी को प्रत्येक विद्यालय में कर्तव्य बोध मनाने के लिए समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों को निर्देशित किया गया इसी प्रकार संगठन मंत्री एवं सह संगठन मंत्री जिला एवं ब्लॉक की नियुक्ति का प्रस्ताव भी तैयार किया गया आज की बैठक में प्रांतीय सचिव अनिल सिंह मुक्तावत एवं हमारा विद्यालय हमारा तीर्थ के प्रभारी डॉ. विनय सिंह चौहान जिला अध्यक्ष दिवाकर सिंह, जिला सचिव जीतेन्द्र सिंह राठौर,जिला कोषाध्यक्ष सुरेंद्र यादव एवं समस्त जिले के पदाधिकारी उपस्थित रहे प्रमुख रूप से भैरों सिंह शाक्य,पवन त्यागी, लोकेश उपाध्याय,अनिल गंगवार, सतीश गौर ,रूप सिंह वर्मा ,अजय कुमार शर्मा, अर्चना द्विवेदी, एकलव्य चाहर उपस्थित रहें समस्त बिंदुओं पर चर्चा उपरान्त आज का जिला कार्यक्रम संपन्न हुआ। बैठक के अंत में अर्चना द्विवेदी द्वारा आभार प्रकट किया गया।



### शिव महापुराण के तृतीय दिवस शिव विवाह के पावन अवसर पर कथा का वर्णन किया

# भारत को हिंदू राष्ट्र बनना है तो हर घर कुटुंब में शिव पार्वती जैसा प्रेम होना चाहिए : पं. मोहितराम पाठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भारत को आज हिंदू राष्ट्र घोषित करना है तो हम सभी सनातनी जनों को मिलकर अपने घर अपने कुटुम्ब परिवार को बचाना होगा, जब तक हम एक परिवार एक कुटुंब हिंदू हिंदू भाई भाई की रीति रिवाज को लेकर नहीं चलेंगे तब तक भारत को हिंदू राष्ट्र बनाना संभव नहीं है भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए सबसे पहले हमें हिंदू हिंदू को एक करना होगा परिवार में विषमताएं खत्म करनी होगी जब सब सनातनी मिलकर रहेंगे तो भारत शीघ्र हिंदू राष्ट्र घोषित हो जाएगा।

उक्त उद्गार सीहोर मध्य प्रदेश से पधारे कथा व्यास परम गौभक्त क्रांतिकारी राष्ट्रीय संत पंडित मोहितरामजी पाठक सीहोर वालों ने खरेंगा धमतरी छत्तीसगढ़ की पवन भूमि पर चल रही सप्त दिवसीय श्री कुलेश्वर शिव महापुराण के तृतीय दिवस शिव विवाह के पावन अवसर पर वर्णन किया।



आगे कथा में शिव पार्वती और शिव परिवार के विषय में वर्णन करते हुए कहा कि किस प्रकार भगवान शंकर माता पार्वती का संपूर्ण परिवार एक ही जगह मिलकर रहता है जहां गाय नंदी शेर सिंह सांप चूहा में कोई विरोध नहीं है हम सभी सनातनी को यदि भारत को विश्व गुरु और हिंदू राष्ट्र बनाना है तो हमारे परिवार जो टूट रहे हैं विषमताएं आ रही है सबको एक कर के कुटुंब को बचाना होगा सभी सनातनी एवं जाति पाति की बात ना करके एक हिंदू राष्ट्र एक सनातन की बात करेंगे तभी भारत हिंदू राष्ट्र बन सकता है जिस प्रकार भगवान शंकर सभी को एक साथ मिलकर चले हम सभी को भी शिव पुराण की कथा से यहां सीख लेते हुए एक होना पड़ेगा तभी भारत हिंदू राष्ट्र बनेगा क्योंकि आज सनातन और भारत को तोड़ने के लिए हजारों मत पंथ चल गए हैं जो की सनातन और भारत को नुकसान पहुंचा रहे हैं कथावाचक पंडित पाठक ने कहा कि हिंदू हिंदू जब तक एक नहीं होंगे भारत हिंदू राष्ट्र नहीं बनेगा आज चतुर्थ दिवस की कथा में भगवान गणेश का मंगल में जन्म उत्सव मनाया जाएगा आयोजन समिति खरेंगा आयोजन परिवार ने संपूर्ण क्षेत्रवासियों से कथा में पधार धर्म लाभ लेने का आग्रह किया।

### नागरिक बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना के लिए कर सकते हैं आवेदन

**सीहोर।** शासन द्वारा संचालित भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत विनिर्माण गतिविधियों के लिए एक लाख रूपये से 50 लाख रूपये तक की परियोजनाएं स्वीकृत करने का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही इस योजना के तहत सेवा एवं व्यवसाय गतिविधियों के लिए एक लाख से 25 लाख रूपये तक की परियोजनाएं स्वीकृत करने का प्रावधान है। इस योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित एवं शेष ऋण पर 05 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज अनुदान तथा बैंक ऋण गारंटी शुल्क प्रचलित दर पर अधिकतम 7 वर्षों तक (मोरेटोरियम अवधि सहित) निगम द्वारा वहन किए जाने का प्रावधान है। इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक एमपी ऑनलाईन माध्यम के से वेबसाइट पर अपना आवेदन कर सकते हैं। योजना में इच्छुक अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाता है। इस योजना का क्रियान्वयन शासन द्वारा निर्धारित ₹समस्त पोर्टल₹ के माध्यम से किया जाता है तथा पोर्टल पर यह योजना मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना से समन्वित होगी। इस योजना का लाभ लेने के लिए परिवार की वार्षिक आय 12 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक की आयु 18 से 45 वर्ष हो तथा आवेदक को कक्षा 08 वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इसके साथ ही जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, समग्र आईडी, फोटो, कोटेशन, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, वाहन के लिए वैध ड्रायविंग लायसेन्स, पेन कार्ड, बैंक पास बुक सहित अन्य दस्तावेज अनिवार्य हैं।

‘पीढ़ियों को जोड़ता सम्मान’ मंत्री वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में विशेष आयोजन

# वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा व सम्मान के लिए सरकार कटीबद्ध : वीरेंद्र कुमार

## मंत्री ने बुजुर्गों व बच्चों के साथ वृद्धजनों के सम्मान में वॉकाथॉन का आयोजन किया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री भारत सरकार वीरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में अंतर पीढ़ीगत संबंधों पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन ब्यावरा के प्रोग्रेसिव हाइट्स स्कूल हॉल में उत्सव के रूप में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बैंड प्रस्तुति से हुई। मंच पर दीप प्रज्वलन के बाद विद्यालय के बच्चों द्वारा स्वागत गीत, लघु नाटिका एवं मालवा लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। लघु नाटिका में बच्चों और उनके दादा-दादी व नाना-नानी के आत्मीय संबंधों को भावनात्मक रूप से प्रस्तुत किया गया।

### मंत्री ने किया बच्चों का उत्साहवर्धन

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री भारत सरकार वीरेंद्र कुमार ने प्रोग्रेसिव हाइट्स के बच्चों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन कर उनकी मेहनत और रचनात्मकता की सराहना की। इस दौरान राष्ट्रीय वयोश्री योजना अंतर्गत लगाए गए शिविर, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित आयुष्मान कार्ड, समग्र आईडी, केवायसी शिविर तथा जिला आयुष विभाग द्वारा किए जा रहे निःशुल्क दवा वितरण का भी निरीक्षण किया गया। मंच से संबोधित करते हुए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री भारत सरकार वीरेंद्र कुमार ने कहा कि माता-पिता से आशीर्वाद लेना हमारी संस्कृति में प्राचीन काल से चला आ रहा है। यही संस्कार हमारी भारतीय संस्कृति की पहचान हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय विभाग द्वारा उन स्थानों पर अनुदान (ग्रांट-इन-एड) प्रदान किया जाएगा, जहां वृद्धाश्रम उपलब्ध नहीं हैं। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री भारत सरकार वीरेंद्र कुमार द्वारा ने बुजुर्गों एवं बच्चों के साथ वृद्धजनों के सम्मान में वॉकाथॉन का आयोजन भी किया। वॉकाथॉन में महिलाओं एवं बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम स्थल पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बनाई गई रंगोली की मंत्री कुमार ने सराहना की।

### शासकीय कार्यक्रम में नहीं लिखा नगर की प्रथम महिला का नाम

केंद्रीय मंत्री, सांसद और जिले के दो मंत्रियों की मौजूदगी में आयोजित इस कार्यक्रम में नगर की प्रथम महिला नगर पालिका अध्यक्ष लीलादेवी कुशवाहा का नाम कार्ड पर नहीं लिखा गया। कार्यक्रम को लेकर बाकायदा आमंत्रण पत्र छपवाए गए थे जिसमें केंद्रीय एवं मध्य प्रदेश शासन के मंत्री, संसद, जिले के सभी विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष सहित सभी के नाम कार्ड में लिखे गए थे किंतु नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कुशवाहा का नाम कार्ड में नहीं होने से यह जन चर्चा का विषय बना रहा।



### मंत्री के इंतजार में 1 घंटे तक खड़ी रहीं शासकीय कन्या स्कूल की छात्राएं

हैरत की बात यह है कि मंत्रीजी के स्वागत के लिए शासकीय कन्या स्कूल की छात्राएं व स्टॉफ स्कूल के बाहर एक घंटे से ज्यादा खड़े रहे। इसके बारे में जब कन्या स्कूल के प्राचार्य नाथूसिंह सिकरवार से पूछा गया तो उन्होने सरकारी कार्यक्रम होने का हवाला दिया और छात्राओं और स्टॉफ का बाहर खडा होना और स्वागत करना उचित बताया। प्रश्न यह है किसने ड्यूटी छोड़कर स्वागत करने व छात्राओं को खडा करने का आदेश दिया था इस पर प्राचार्य चुप्पी साध गए।

दुग्ध समृद्धि को लेकर पशु पालकों से विस्तार से की चर्चा

# कलेक्टर ने तबेले में बैठ पशु पालकों के साथ किया सीधा संवाद



**राजगढ़।** जिले में पशुपालन एवं पशुपालकों की समृद्धि हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने गत दिवस खजुरिया गांव पहुंचकर स्वयं पशुओं के तबेले में बैठकर पशुपालकों से सीधा संवाद किया। जिले के मुखिया को अपने बीच पाकर पशुपालक काफी उत्साहित नजर आए और उन्होंने खुलकर अपनी बातें एवं समस्याएं उनके सम्मुख रखीं।

इस दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कृत्रिम गर्भाधान, डी-वर्मिंग, दुग्ध उत्पादन की स्थिति, दुधारू पशुओं को दिए जाने वाले आहार, दूध की बिक्री, औसत फैट प्रतिशत तथा सेक्स सॉर्टेड सीमेन के सफलता प्रतिशत की जानकारी ली। उन्होंने दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए पाशुपालकों को प्रोत्साहित किया और पशुपालन को लाभकारी बनाने पर जोर दिया। पाशुपालकों द्वारा नकली दूध की शिकायत किए जाने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने आश्वासन दिया कि नकली दूध बनाने और बेचने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने डीडी वेटरनरी को पशुपालकों को समय पर तकनीकी सहयोग, उपचार और आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### समृद्धि अभियान को लेकर चर्चा की

जिले में चल रहे दुग्ध समृद्धि अभियान-2 के बारे में उपस्थित पशुपालकों से चर्चा की गयी। पशुपालक मुकेश दांगी पिता के समक्ष सर्वेयर नरेन्द्र चैहान पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी द्वारा अभियान के बारे पशुपालकों को बताया गया। इसके अतिरिक्त ग्राम खजूरिया में उपस्थित पशुपालकों से पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन के बारे में चर्चा की एवं संबंधित सर्वेयर के कार्यों का सत्यापन किया गया। इस अवसर पर डीडी वेटनरी परवीन दीक्षित सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# अवैध मदिरा के निर्माण व विक्रय पर कार्रवाई की

**जीरापुर।** आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, धारण, विक्रय व परिवहन के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को जीरापुर वृत्त प्रभारी अंकित चैहान के द्वारा सामुहिक क्षेत्र गश्त कि गई गश्त दौरान खिलचीपुर क्षेत्र के सोमवारिया, बरूखेडी, ग्राम अगरिया, देवलिया खेड़ी, बाडगाव, गोपालपुरा, शिवगढ़,सेमली, पीपलयाकुलमी,गादिया, माचलपुर में संदिग्ध 11 स्थल पर दबिश देकर 85 बल्क लीटर हाथ भट्टी मदिरा, 1.8 बल्क लीटर राजस्थानी देशी मदिरा जप्त कि गई।जिसका अनुमानित मूल्य 17600 रूपये है। जिसे विधिवत कार्यवाही कर जप्त किया । आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के 07 आपराधिक प्रकरण दर्ज किया। इस कार्यवाही में वृत्त प्रभारी दीपक राजपूत एवं आबकारी आरक्षक मोहन सिंह यादव, आरक्षक दिव्यांशी गौर, राशिका साहू , गौतम लोधी का विशेष योगदान रहा।

शिक्षक संगठनों द्वारा लगातार की जा रही मांग का असर

# जिले के 619 प्राथमिक शिक्षकों के प्रथम क्रमोन्नति आदेश जारी

**राजगढ़।** विभिन्न शिक्षक संगठनों द्वारा समय-समय पर की जा रही मांग के बाद जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय से प्राथमिक शिक्षकों के क्रमोन्नति आदेश जारी होना शुरू हो चुके हैं। डीईओ कार्यालय ने गत दिवस विभागीय पदोन्नति/क्रमोन्नति समिति योग्य पाए गए 619 प्राथमिक शिक्षकों की प्रथम नियुक्ति दिनांक से 12 वर्ष की निरंतर सेवा अवधि पूर्ण करने के उपरान्त यह आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेश के तहत उक्त सभी 619 शिक्षक जिले के विभिन्न विकासखंडों की प्राथमिक शालाओं में पदस्थ हैं। शिक्षक संगठनों द्वारा लगातार की जा रही मांग के बाद क्रमोन्नति आदेश जारी हुए हैं।

### माध्यमिक शिक्षकों की प्रक्रिया अधर में

शिक्षा विभाग ने प्राथमिक शिक्षकों के क्रमोन्नति आदेश जारी करना भलेही शुरू कर दिए हों लेकिन 12 एवं 24 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण कर चुके किसी भी माध्यमिक शिक्षक की क्रमोन्नति जिले में अभी तक नहीं हो पाई है। दरअसल, उक्त संबंध में गठित समिति द्वारा माध्यमिक शिक्षकों के क्रमोन्नति प्रस्ताव संयुक्त संचालक कार्यालय को भिजवाए जाते हैं। वहां से अनुमोदन प्राप्त होने के उपरान्त ही संबंधित माध्यमिक शिक्षकों की क्रमोन्नति के आदेश जारी होते हैं। लेकिन, माध्यमिक शिक्षकों की यह प्रक्रिया अभी तक अटकी हुई है। बहरहाल, जिन प्राथमिक शिक्षकों के क्रमोन्नति आदेश विभाग ने जारी कर दिए हैं, उनमें हर्ष की लहर देखी जा रही है। शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों ने मांग की है कि माध्यमिक शिक्षकों के क्रमोन्नति पर भी जल्द से जल्द अनुकूल कार्यवाही की जाए।

# लाइनमैन की लापरवाही से सिंचाई बिजली सप्लाई बंद

## ग्रामीणों ने एसडीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

अनुविभाग अंतर्गत ग्राम लाखाखेड़ी में सिंचाई विद्युत आपूर्ति पिछले पांच दिनों से बंद रहने के कारण ग्रामीणों में आक्रोश है। इस संबंध में शनिवार को भारतीय किसान संघ ग्राम इकाई लाखाखेड़ी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी रोहित बम्होरे (एसडीएम) सारंगपुर के नाम ज्ञापन सौंपकर संबंधित लाइनमैन के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम लाखाखेड़ी में पदस्थ लाइनमैन की लापरवाही के कारण किसानों को समय पर सिंचाई हेतु विद्युत सप्लाई नहीं मिल रही है।

ग्रामीणों द्वारा कई बार ग्रिड कर्मचारी व जेई से संपर्क किया गया, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिला। बताया गया कि वर्तमान में लाइनमैन द्वारा सहायक असिस्टेंट के माध्यम से कार्य कराया जा रहा है, जिससे विद्युत सप्लाई की जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभाई जा रही। ग्रामीणों ने कहा कि सिंचाई बिजली बंद रहने से फसलों को भारी नुकसान होने की आशंका है और किसानों की परेशानियां लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे में उक्त मामले की गंभीरता से जांच कर दोषी लाइनमैन को तत्काल प्रभाव से हटाने एवं नियमित रूप से सिंचाई विद्युत आपूर्ति बहाल कराने की मांग की गई है। ग्रामीणों ने एसडीएम से शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा जताई है, ताकि किसानों को राहत मिल सके और कृषि कार्य प्रभावित न हो। ज्ञापन देने वालों में दुर्गाप्रसाद, नारायण पंवार, भगवत सिंह, एलम सिंह, घनश्याम, जितेंद्र सहित अन्य किसान मौजूद थे।

# बेदखली की कार्रवाई के बाद भी अतिक्रमण बरकरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर



नगर के स्टेट हाईवे की बेशकीमती शासकीय जमीन पर सत्यनारायण रामगोपाल मोदी द्वारा रहवासी कॉलोनी में निर्मित दुकानों के सामने अतिक्रमण करने का कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है जिस पर नायब तहसीलदार रामनिवास धाकड़ ने अर्थ दंड की कार्यवाही के बेदखली की कार्रवाई की गई थी। उसके बाद भी अतिक्रमणकारी रामगोपाल सत्यनारायण ने पूर्ण रूप से अपना अतिक्रमण नही हटाया है। अतिक्रमणधारी इस बेशकीमती शासकीय जमीन से अपना अतिक्रमण नही हटाना चाहता है। अतिक्रमण ना हटाने का कारण कालोनी में बनी दुकानों के मुख्य मार्ग से जुड़ने का है जिससे दुकानों की कीमत कई गुना बढ़ जाएगी। जिम्मेदार अधिकारी का इस और ध्यान ना देना अनेक तरह की शंका कुशंका को जन्मदेता है। अधिकारियों को इस और ठीक से ध्यान देकर अपनी बेशकीमती जमीन को बचाने का सार्थक प्रयास करना चाहिए। नायब तहसीलदार रामनिवास धाकड़ को कॉल करने पर उनके द्वारा रिसीव नहीं किया गया।

***इनका कहना है...***

*मैं अभी बोलती हूं तहसीलदार को।*

*अंकिता जैन, अनुविभागीय अधिकारी खिलचीपुर*

# नवनियुक्त जिला महामंत्री का प्रथम आगमन पर किया स्वागत



**खिलचीपुर।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला महामंत्री देवीसिंह सोधिया, जिला कार्यालय मंत्री श्याम मंडलोई का शुक्रवार को खिलचीपुर आगमन पर भाजपा मंडल खिलचीपुर के कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष बद्रीलाल दांगी के नेतृत्व में स्वागत किया । तहसील चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर और ढोल के साथ जिला महामंत्री की आगवानी की इस मौके पर मंडल अध्यक्ष ने साफा बांधकर एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पहारों से स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जिला महामंत्री को गोदी में उठा लिया और जोश के साथ भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए वहीं इमली स्टैंड पर राधेश्याम दांगी द्वारा स्वागत किया गया। भाजपा नेता ओमप्रकाश गुप्ता के निवास पर भी नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों का साफा बाधकर पुष्पहारों से स्वागत किया।

# भाजपा सरकार ने हर क्षेत्र में विकास किया : अग्रवाल



**कुरावर।** समीप ग्राम माना में नवीन सामुदायिक भवन में शनिवार को 1 बजे प्रदेश में भाजपा सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यशाला संपन्न हुई। जिसमें सर्वप्रथम पिछले दिनों लोकसभा में गृहमंत्री अमित शाह के एसआईआर पर संवाद को सुना गया। उसके बाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल ने मौजूद भाजपा नेता कार्यकर्ता व पदाधिकारी को एसआईआर के संबंध में निर्देश दिए। वहीं उन्होंने पिछले दो सालों में हुए सरकार के विकास कार्यों के बारे में कहा कि भाजपा सरकार ने हर क्षेत्र में इन दो सालों में विकास किया है। विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि वर्ष 2003 के पहले ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कें, विद्यालय एवं मूलभूत सुविधाओं से ग्रामीण क्षेत्र वंचित थे वर्ष 2003 के बाद से भाजपा सरकार आने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में सीमेंट कंक्रीट मार्ग नालियां का निर्माण व विद्यालय खोले गए तो वहीं अब प्रदेश में भाजपा सरकार एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने ग्रामीण क्षेत्रों में नवीन सामुदायिक भवनों का निर्माण कर ग्रामीण क्षेत्र के मांगलिक व अन्य आयोजनों के लिए सुविधाएं प्रदान की है। मुक्तिधाम का निर्माण भी करवाया जा रहा है। 2003 से लेकर अब तक ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री सड़कों का निर्माण हुआ है आवागमन सुगम बना है।

अभा परिचय सम्मेलन के लिए देशभर से 1150 युवक-युवतियों का पंजीयन

# मेड़तवाल समाज का ‘जीवन साथी परिचय सम्मेलन’ 27-28 दिसंबर को इंदौर में, तैयारियां अंतिम चरण में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़

अखिल भारतीय मेड़तवाल (वैश्य) समाज का विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन 27 व 28 दिसंबर को इंदौर में आयोजित होगा। श्री मेडतवाल वैश्य समाज, इंदौर के अध्यक्ष शक्तिनाथ गुप्ता व महामंत्री लक्ष्मीनारायण मेड़तवाल ने बताया कि श्री मेड़तवाल सोशल ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में छोटा बांगड़दा रोड, एयरपोर्ट के पास बाबाश्री गार्डन में स्व. इंद्रदेव आर्य परिसर में बहुप्रतीक्षित दो दिवसीय विराट परिचय सम्मेलन का शुभारंभ 27 दिसंबर को प्रातः 8 बजकर 30 बजे किया जाएगा।

आयोजन समिति के संयोजक गोपाल भगत ने बताया कि परिचय सम्मेलन में आने वाले प्रतिभागियों के लिये आवास, मंच, भोजन, यातायात, सुरक्षा, स्मारिका एवं पूछताछ समिति आदि की अंतिम तैयारियों की समीक्षा की गई। बाहर से आने वाले प्रतिभागियों को समाज के मांगलिक भवन एवं बाबाश्री गार्डन में ठहराने की व्यवस्था भी की गई है।

मेड़तवाल सोशल ग्रुप के महामंत्री एडवोकेट जगदीश चंद्र गुप्ता ने बताया कि राजस्थान एवं मध्यप्रदेश के गांव, कस्बों व शहरों में व्यवसाय करने वाले समाज के परिवारों के अतिरिक्त मुंबई, दिल्ली, अहमदाबाद, सूरत, बैंगलूरू, पुणे, गुरूग्राम, जयपुर, भोपाल, कोटा व इंदौर आदि शहरों में स्टार्टअप बिजनेस, उच्च शिक्षा या जॉब करने वाले सैकड़ों विवाह योग्य युवक-युवतियां अपने अभिभावकों के साथ भाग लेंगे। विदेशों में जॉब कर रहे समाज के युवक-युवती भी इस सम्मेलन में पहुंच रहे हैं। परिचय स्मारिका के संयोजक आर.एस.गुप्ता ने बताया कि परिचय सम्मेलन में अब तक 1150 युवक-युवतियों की प्रविष्टियां प्राप्त हो चुकी है। इस आयोजन में एक विशेष मेल-मिलाप समिति बनाई गई है जिसके सदस्य दोनों पक्षों के बीच परस्पर संवाद करवाने में मदद करेंगे। 22 दिसंबर से ‘जीवन साथी परिचय स्मारिका’ वितरित कर दी जायेगी, जिससे बायोडेटा देखकर प्रतिभागी उम्र, शिक्षा, गौत्र, व्यवसाय, जॉब, वार्षिक आय आदि का आंकलन कर उपयुक्त जीवन साथी चुन सकेंगे।




### समाज में ही रिश्ता करने को प्राथमिकता

मंदिर श्री फलौदी माताजी महाराज प्रन्यास, खैराबाद के निर्वाचित अध्यक्ष सेठ मोहनदास करोडिया, राष्ट्रीय महामंत्री पुरूषोत्तम घाटिया एवं समिति के राष्ट्रीय महामंत्री विष्णु प्रसाद करोडिया मंडावर ने बताया कि जीवन साथी परिचय सम्मेलन, इंदौर से समाज में गांव, कस्बों व शहरों में अच्छा व्यवसाय करने वाले परिवारों एवं जॉब करने वाले युवक-युवतियों को एक बड़ा मंच मिलेगा, जहां वे अपना परिचय देकर मनपसंद जीवन साथी का चयन कर सकेंगे। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के रिश्ते समाज में ही करने की अपील की है। समाज के प्रन्यास के निर्वाचित ट्रस्टी श्यामसुंदर सिंगी, विष्णुप्रसाद करोड़िया चाय वाले एवं हरिनारायण मुंजे ने कहा कि लंबे समय बाद इंदौर में आयोजित विराट दो दिवसीय परिचय सम्मेलन को लेकर समाज के अविवाहित युवाओं में जबर्दस्त उत्साह है। समाज के युवा बिजनेस में तेजी से आगे बढ रहे हैं। कई परिवारों के बच्चे उच्च शिक्षा लेकर मेडिकल, इंजीनियरिंग, आईटी, लॉ, सीए, प्रशासनिक व सरकारी सेवाओं में उच्च पदों पर जॉब करते हुये समाज का नाम रोशन कर रहे हैं। अ.भा.नवयुवक संघ के अध्यक्ष सागर गोलू भंडारी एवं श्री फलौदी महिला मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्ष ममता गुप्ता ने सभी विवाह योग्य युवक-युवतियों से अपील की कि वे इंदौर परिचय सम्मेलन में पहुंचकर समाज में ही जीवन साथी चुनने को प्राथमिकता दें।

खबर संक्षेप

## सरकार ने गरीबों की कमर तोड़ने का काम किया: हरपाल ठाकुर



आष्टा। मोदी सरकार द्वारा कांग्रेस सरकार द्वारा देश के गरीबों को रोजगार का अधिकार देने बनाई महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना को खत्म करने पर प्रतिक्रिया देते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस सदस्य हरपाल ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह निर्णय साफ तौर पर देश के 12 करोड़ मनरेगा मजदूर और उनके परिवार के साथ धोखा है। देश की ग्राम पंचायत व प्रतिनिधियों के खिलाफ है। महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना कांग्रेस की तत्कालिक सरकार प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह व यूपीए के चेयरपर्सन सोनिया गांधी की देश के लोगों को रोजगार का अधिकार देने के लिए लाई गई थी जो देश के प्रत्येक नागरिक को साल में 100 दिन के रोजगार का अधिकार दिया था। जिससे 100 दिन के रोजगार का कानून एक तरह से खत्म हो गया। हरपाल ठाकुर ने आगे कहा की पूरे विश्व में महात्मा गांधी का सम्मान किया जाता है और जब भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विदेश दौरे पर होते हैं तो महात्मा गांधी जी की मूर्ति के पास जाकर नमन करते हैं इसके साथ ही जब भी कोई विदेशी राष्ट्र का मेहमान हमारे यहां आता है तो वहां गांधी जी के समाधि स्थल राजघाट पर जाकर गांधी जी को नमन करता है पूरे विश्व सहित पूरे देश में महात्मा गांधी जी का सम्मान था पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उनकी सरकार लगता है उनके मूल संगठन आरएसएस के विचार के अनुसार गांधी के नाम को मिटाना चाहते हैं। इसीलिए उन्होंने महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना को खत्म करते हुए उनके नाम को कम करने का प्रयास किया है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरदार वल्लभभाई पटेल का नाम पर गुजरात के अहमदाबाद में जो स्टेडियम था उसका नाम खुद के नाम पर कर चुके हैं।

### ग्रामीण क्षेत्र में तेंदुए की दहशत बरकारा, कई बार कैमरे में हुआ कैद

# तेंदुए के कारण किसान थे परेशान, अब वन विभाग का दावा बांघिन आ रही नजर

**खेत में नजर आए तेंदुए के पंजों के निशान, 12 दिनों से लगा पिजरा खाली, मगरदा गांव में बाघिन की मुवमेंट से किसानों की बढ़ी चिंता।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा/अहमदपुर

अहमदपुर वन परीक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गाँवो के ग्रामीण अब रात होते ही डरे सहमे नजर आ रहे है। लगातार 30 दिनों से तेंदुआ की मूवमेंट अलग अलग गांव में देखी जा रही है। ग्रामीण अब जैसे ही मुबमेंट दिखता है उसके फ़ोटो वीडियो बनाकर सोसाल मीडिया पर वायरल कर देते है। सलेहपुर के ग्रामीणों ने दावा किया है की सलेहपुर गांव में तेंदुए के पंजे के निशान देखे गए है। अहमदपुर वन परिक्षेत्र क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण इलाके में लगभग 30 दिनों से तेंदुए का मूवमेंट लगातार देखा जा रहा है और रोज कहीं ना कहीं तेंदुए की दस्तक का मूवमेंट देखने को मिल रहा है। शनिवार को अहमदपुर से सटे सलेहपुर में ग्रामीण अरमान ने दावा किया है की सूखे के पास गांव में तेंदुए के पंजों के निशान देखे गए है। तेंदुआ के पंजों के निशान की भनक लगते ही सलेहपुर के गांव के लोग एकत्रित हो गए। तेंदुए के पंजों के निशान देखकर ग्रामीणों ने वन विभाग के जिम्मेदारों तक पंजे देखने की तस्वीर खींचकर भेजी। किसान पप्पू मेव ने बताया की सलेहपुर के किसान हपीज मेव के खेत में यह तेंदुए के पंजों को देखा गया है। तेंदुए के पंजों की खबर गांव मे फैलते ही गांव के लोग एकत्रित हो गए और खेत में तेंदुए के पंजों के निशान को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण सलेहपुर गांव में एकत्रित हो गए।

### 12 दिनों से एक ही जगह लगाया पिजरा, डिप्टी रेंजर बोले मगरदा में बाघिन की खबर मिली है पिंजरे का स्थान बदला

पथरिया की बड़ली में लगाए गए पिंजरे को 12 दिन हो चुके हैं, लेकिन तेंदुआ अब तक नहीं फंसा। मगरदा गांव में बाघिन की खबर मिलने के बाद वन विभाग ने अब पिंजरे का स्थान बदल दिया है। इन दिनों क्षेत्र में तेंदुए की हलच ज्यादा देखी जा रही है। तेंदुए की मौजूदगी से ग्रामीणों में डर का माहौल है। किसान रात में खेतों पर अकेले जाने से डर रहे हैं। वहीं कई किसानों ने खेतों पर जाना छोड़ दिया है। मवेशियों की निगरानी बढ़ा दी गई है।

### अब तक इन गांव में तेंदुए की मूवमेंट

अहमदपुर क्षेत्र के ग्राम कोलूखेड़ी, जेतला, पथरिया, रसूलपुरा, हसनपुर, तिनोनिया, बीलोदिया, मरेठी, मंडखेड़ा, अहमदपुर, सलेहपुर, गुनदी, साकला में तेंदुए की खबर सुनने को मिली है। इन गांव में तेंदुए का मूवमेंट देखा गया। वन विभाग के डिप्टी रेंजर हरिप्रसाद डागर ने बताया कि पिंजरे का स्थान बदल दिया गया है मगरदा गांव में बाघिन की सूचना मिली थी पिंजरा अब जो है मगरदा गांव में लगा दिया गया है , सलेहपुर गांव में तेंदुए के पंजो के निशान मिलने को लेकर डिप्टी रेंजर ने बताया कि मुझे इसके बारे में जानकारी नहीं है पिंजरा लगाने के बाद भी 12 दिन के बाद भी तेंदुआ ग्रामीण क्षेत्र में पकड़ से बाहर है।

### ग्रामीणों को बार-बार नजर आ रहा तेंदुआ

ग्रामीण क्षेत्रों में जगह बदल बदल कर गांव में किसानों को तेंदुए का मूवमेंट दिखाई दे रहा है। अहमदपुर कस्बे में आसपास के आने वाले किसान द्वारा तेंदुए के मूवमेंट को लेकर बाजार में चर्चा का विषय बना हुआ है। लगातार किसानों द्वारा बताया जा रहा है कि गांव में तेंदुआ दिखाई दे रहा है। जेतला जुगराजपुरा कोलू खेड़ी एवं पथरिया की बड़ली क्षेत्र में तेंदुए के दिखाई देने के बाद से एक माह से लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में दहशत का माहौल बना हुआ है वहीं कृषि कार्य किसानों के प्रभावित भी हो रहे हैं दूसरी तरफ किसान लगातार तेंदुए की दहशत के कारण भयभीत नजर आ रहै है। दूसरी तरफ एक माह के बाद भी वन विभाग द्वारा तेंदुआ को पकड़ने के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण किसानों को अब यह चिंता सता रही है की फसल बड़ी होने के बाद गेहूं के खेत में तेंदुआ दिखाई भी नहीं देगा।



जिससे कभी कोई जन हानि भी हो सकती है। जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार तेंदुए को लेकर हड़कंप देखा जा रहा है।

### किसानों ने खेतों पर जाना छोड़ा

किसान रात्रि के समय खेतों पर भी अकेले नहीं जा रहे हैं , वही खबरें तो यह भी आ रही है कि कई किसानों ने रात में खेतों पर जाना छोड़ दिया है ओर अपने पालतू मवेशियों को भी अपनी नजर से दूर नहीं रख रहे हैं एवं उनकी रखवाली भी करते हुए नजर आ रहे हैं। इन दिनों जबकि ग्रामीण क्षेत्रों से प्रतिदिन तेंदुए की मूवमेंट की सूचना मिल रही है, वही आसपास के ग्रामीण ओर किसानों ने आरोप लगाया है की अहमदपुर वन विभाग में मुख्यालय पर रात्रि में कोई भी जिम्मेदार अफसर रात्रि में दफ्तर में नहीं रुक रहा है। अगर रात में कोई घटनाक्रम होता है तो जिम्मेदारों के मुख्यालय पर नहीं रुकने के कारण आपातकालीन स्थिति से कैसे निपटा जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों किसानों में तेंदुए का भय एवं दशहत का कारण बन हुआ है। जिससे दर्जनों भर के ग्रामीण और किसान भयभीत नजर आ रहे हैं।

# जावर पुलिस ने 48 लाख की चोरी का किया खुलासा

**कजलास में अतुल जैन के घर हुई थी चोरी**



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर


6 दिसंबर को फरियादी अतुल जैन निवासी ग्राम कजलास, थाना जावर द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह दिनांक 02 दिसंबर को ग्वालियर शादी में गया था। वापस लौटने पर घर का सामान बिखरा पड़ा था तथा अज्ञात आरोपियों द्वारा अलमारी का ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण एवं नगद राशि चोरी कर ली गई थी। थाना जावर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आष्टा आकाश अमलकर के मार्गदर्शन में थाना जावर की विशेष टीम गठित की गई।

### खुलासे का आधार

जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज, साइबर साक्ष्य एवं स्थानीय मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। इसी दौरान सूचना मिली कि ग्राम कजलास का मजदूर/मिस्त्री शादाब शाह घटना के बाद अत्यधिक खर्च कर रहा है तथा बाजार से नया मोबाइल एवं अन्य सामान खरीदता पाया गया, जबकि पहले उसकी आर्थिक स्थिति सामान्य थी। आरोपी का यह अचानक बदला हुआ रहन-सहन एवं खर्च ही पुलिस के लिए अहम सुराग बना, जिसके आधार पर उसे चिन्हित कर थाना लाकर पूछताछ की गई।

### आरोपियों की गिरफ्तारी

संदेह के आधार पर शादाब शाह को थाना लाकर पूछताछ की गई, जिसने अपनी फूफी (बुआ) के लड़के सलमान उर्फ सुल्तान के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। दोनों आरोपियों ने बताया कि चोरी के बाद उन्होंने माल और नगद राशि को आपस में बांट लिया था। पुलिस ने शादाब शाह पिता वाहिद



शाह, उम्र 26 वर्ष निवासी कजलास थाना जावर, सलमान उर्फ सुल्तान पिता पप्पू शाह, उम्र 27 वर्ष, निवासी पोलाय कलॉ, जिला शाजापुर, हाल निवासी इटावा, जिला देवास को गिरफतार किया है।

### वारदात का तरीका

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि शादाब मिस्त्री का कार्य करता था और फरियादी अतुल जैन के घर का निर्माण कार्य उसी ने किया था। अतुल जैन ने उसे बताया था कि वह चार दिन के लिए शादी में बाहर जा रहा है। इसी जानकारी का फायदा उठाकर दिनांक 03/04 दिसंबर की रात दोनों आरोपियों ने घर की नीची दीवार से चढ़कर छत पर लगे टिन शेड को हटाकर अंदर प्रवेश किया और लोहे की अलमारी का ताला तोडकर चोरी की।

### जब्त मशरूका

सोना के आभूषण में 3 सोने के हार, 5 मंगलसूत्र पेंडेंट, 5 पुरुष अंगूठी, 4 महिला अंगूठी, 3 झुमकी/टॉप्स, 1 हाय व ओम पेंडेंट और चांदीके आभूषण में 1 पुश्तैनी चांदी की सिल्ली (वजन 2.4 किग्रा), 5 जोड़ पायल, 5 जोड़ बिछिया, 1 चांदी सिक्का, 1 चांदी अंगूठी सहित नगद 1,24,000/- रूपये शामिल है। कुल जप्तीः लगभग 30 तोला (300 ग्राम) सोना, लगभग 2.9 किलोग्राम चांदी एवं 1,24,000 नगद, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 48 लाख है। उक्त कार्रवाई में जावर पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# अभिषेक सुराणा सीहोर टैक्स ला बार एसोसिएशन के बने अध्यक्ष, स्वागत कर दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



सीहोर टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक हाल ही में होटल रेडिएंट में आयोजित की गई, जिसमें संगठन के नवीन अध्यक्ष की नियुक्ति की गई। बैठक की अध्यक्षता वर्तमान अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने की। बैठक के दौरान उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से संगठन के युवा, सक्रिय व कर्मठ सदस्य अभिषेक सुराणा के नाम का प्रस्ताव रखा। सदस्यों ने उनके अनुभव, कार्यशैली, संगठन के प्रति समर्पण एवं सक्रिय सहभागिता को देखते हुए उन्हें अध्यक्ष पद के लिए उपयुक्त बताया सभी सदस्यों की सर्वसम्मत राय को स्वीकार करते हुए वर्तमान अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने औपचारिक रूप से अभिषेक सुराणा को सीहोर टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन का नया अध्यक्ष घोषित किया। इस अवसर पर शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने आशा व्यक्त की कि श्री सुराणा के नेतृत्व में संगठन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा तथा टैक्स प्रैक्टिशनर्स के हितों की रक्षा और समस्याओं के समाधान के लिए सशक्त प्रयास किए जाएंगे। अभिषेक सुराणा ने अपने चयन के पश्चात निवृत्तमान अध्यक्ष शैलेन्द्र श्रीवास्तव का संस्था के श्रेष्ठत संचालन हेतु उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने दमदार अध्यक्ष के रूप में सदस्यों की आवाज को बुलंद कर एसोसिएशन को मजबूती प्रदान की, उनका कार्यकाल स्वर्णिम रहा। सुराणा ने कहा कि टेक्स ला बार के संरक्षक गण वरिष्ठ एड निर्मल रांका व वरिष्ठ सीए सुशील मंत्री के मार्गदर्शन, शैलेन्द्र श्रीवास्तव के अनुभव व निर्देशन में ही संस्था का संचालन करूंगा व सभी साथियों ने मेरे प्रति जो विश्वास व्यक्त किया उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। उपस्थित सदस्यों ने पुष्प माला पहनाकर नए अध्यक्ष का



अभिनंदन किया। संस्था के सभी सदस्यों एड. अजय सक्सेना, श्याम सुंदर मंत्री, प्रवीण मोहता, सीए सुमित झंवर, महेश वर्मा, सीए महेंद्र ठाकुर, सीए अजाप पँवार, अंकुश जैन, अरविंद जैन, योगेश मेहता, शेलेन्द्र जैन, चन्द्र प्रकाश बर्मन, आयुष जैन, दिलीप जैन, मयंक तिवारी, सुमित जैन, अंकित जैन, सीए श्रेयांस बनवट, सीए विवेक प्रजापति, सीए भंवर मीणा, पीयूष चौरसिया आदि सदस्यों ने नवनियुक्त अध्यक्ष को शुभकामनाएं दी।

### खाचरोद में शैक्षिक संवाद का हुआ आयोजन



**खाचरोद।** शनिवार को जन शिक्षा केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खामखेड़ा जत्रा अंतर्गत जन शिक्षा केंद्र स्तरीय शैक्षिक संवाद का आयोजन शासकीय माध्यमिक शाला खाचरोद में किया गया। जिसमें एफएलएन कक्षा 1 एवं 2 पढ़ाने वाले शिक्षकों की सहभागिता रही एफएलएन कक्षा के अंतर्गत चर्चा के निम्न बिंदु रहे स्वतंत्र रचनात्मक लेखन बच्चों की चुनौतियां व रास्ते तथा मिशन अंकुर के अंतर्गत प्राप्त शिक्षण सामग्री का प्रभावी उपयोग कक्षा प्रबंधन रणनीति बहु स्तरीय अधिगम स्तर पर विस्तार पूर्वक सभी शिक्षकों ने चर्चा की गई। जिसमें विशेष रूप से जन शिक्षक करण सिंह चौहान, शैशपाल सिंह ठाकुर व सहजकर्ता के रूप में ओमप्रकाश सिरोंदिया, लाड सिंह मालवीय, कुमेर सिंह ठाकुर के साथ जन शिक्षा केंद्र के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

### जनक्राति न्याय आंदोलन को लेकर हो रही तैयारी



**खाचरोद।** करणी सेना परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर के आवाहन पर हरदा में होने वाले जन क्रांति न्याय आंदोलन को लेकर ग्राम खाचरोद में भोजन व ठहरने की व्यवस्था की गई है। सेवा कार्य में खाचरोद क्षेत्र के सामाजिक लोग तन मन धन से जुड़े हैं। भोजन व्यवस्था के लिए 35 हलवाई नियुक्त किए गए हैं। यहां 10000 से 12000 लोगों के लिए भोजन पैकेट तैयार रखने की योजना है। पेयजल और विश्राम की सुविधा के लिए अलग-अलग टीम तैनात की गई है। समन्वय के लिए स्वयं सेवक लगातार सक्रिय हैं। खाचरोद से हरदा की ओर जाने वाला हर व्यक्ति को भोजन और सहायता मिले इसी भावना से यह संपूर्ण व्यवस्था की गई है। जहां सभी युवा तन मन धन से सेवा कर रहे हैं।

### हिंदू समरसता समागम की तैयारी को ले कर श्री राम मंदिर में आयोजित बैठक में की चर्चा




**कोठरी।** रविवार को श्री राम मंदिर में नगर में होने जा रहे भव्य हिंदू सम्मेलन को लेकर वृहद बैठक का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार के आयोजनों को मुख्य वक्ताओं ने अपने विचार रखे। इसी क्रम में आयोजन कार्यक्रम समिति की इकाई का गठन किया गया। इस अवसर पर कोठरी नगर के वरिष्ठ जन एवं युवा साथी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में वाहन रैली के साथ भूमिपूजन का कार्यक्रम 31दिसंबर2025 को बड़ा बाजार कोठरी में समापन होगा। इसी क्रम में हिंदू समागम का भव्य कार्यक्रम कलश यात्रा एवं उद्बोधन 12 जनवरी 2026 को रखा गया है। इसमें अधिक से अधिक सर्व समाज लोगों को कार्यक्रम में शामिल किया जाने को लेकर मार्गदर्शन मिला। इस अवसर पर कोठरी नगर के सर्व समाज के समाज जन उपस्थित रहे।

### आज से शुरू होगा पांच दिवसीय मानस सम्मेलन

# जगह-जगह सजाए तोरण द्वार, निकलेगी शोभा यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के स्थानीय श्री मानस भवन में मानस सम्मेलन समिति द्वारा आयोजित मानस सम्मेलन आज दिनांक 22 दिसम्बर से 26 दिसम्बर तक दिन के 1 बजें से 5 बजें तक आयोजित होने जा रहा है। उक्त सम्मेलन के लिए समिति द्वारा नगर के प्रमुख मार्गो पर तोरण द्वार, बेनर पोस्टर सजाए गए है। नगर, नगर, ग्राम-ग्राम तक मानस सम्मेलन की जानकारी स्थानिय समिति द्वारा प्रचार प्रसार के माध्यम से पहुँचाई गई है। बहेगी धर्म की गंगा- मानस सम्मेलन में पधार रहे कामठगिरी पीठाधीश्वर जगतगुरू, रामस्वरूपाचार्य महाराज, संत डां मदनगोपाल दास, बाल संत प्रियांशु महाराज व नगर आष्टा के पूज्य संत दीपकदास महामण्डेलश्वर के मुखाग्र बिंद से नगर में पांच दिवसीय धर्म व ज्ञान की गंगा बहेगी। जिसको सुनने के लिए नगर व ग्रामीण के समस्त धर्मप्रेमी बंधु सादर आमंत्रित रहेंगे। भव्य शोभा यात्रा-सम्मेलन 22 दिसम्बर से प्रारंभ होगा। सम्मेलन के प्रमुख संत कामठगिरी पीठाधीश्वर जगतगुरू रामस्वरूपचार्य का आगमन 23 दिसम्बर को होगा, अतएव शोभा यात्रा 23 दिसम्बर दिन मंगलवार को स्थानीय गायत्री मंदिर से प्रातः 10 बजें से प्रारंभ होकर बुधवारा मार्ग से श्री मानस भवन पहुंचेगी। शोभा यात्रा का भव्य स्वागत मुख्य मार्गो पर किया जाएगा।सुचारू व्यवस्था - मानस सम्मेलन में पधार रहे समस्त महाराज, अतिथिगण एवं आमजन के लिए आवागमन के लिए काफी अच्छी व्यवस्था समिति के द्वारा की गई है। बडे वाहनो एवं छोटे वाहनो के लिए अलग अलग पार्कींग की व्यवस्था की गई जिससें आसपास रहने वालो व्यापारियो एवं आमजन को आनेजाने में किसी भी परेशानियो का सामना ना करना पड़े।

# विस स्तरीय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर विधायक कार्यालय में हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



सोमवार को आष्टा विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के 2 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर विकास ओर उपलब्धियां को लेकर विकास और सेवा के 2 वर्ष पूर्ण, को लेकर विधानसभा स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। भारतीय जनता पार्टी आष्टा विधानसभा क्षेत्र द्वारा आयोजित उक्त विधानसभा स्तरीय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर आज विधायक गोपालसिंह इंजीनियर की अध्यक्षता में विधायक कार्यालय में सभी आठो मंडलो, जनपद, नपा एवं नप आष्टा, जावर, कोठरी की बैठक का आयोजन किया। बैठक में सीहोर जिला भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री धारासिंह पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, जिला महामंत्री धारासिंह पटेल ने उक्त आयोजित सम्मेलन को लेकर विस्तार से उक्त आयोजित विधानसभा स्तरीय सम्मेलन को लेकर विस्तार से जानकारी दी। उक्त बैठक को उपस्तिथ सभी मंडल अध्यक्षो, जनपद, नपा, नप अध्यक्ष, उपाध्यक्ष ने भी संबोधित कर सुझाव रखे। बैठक में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, जिला महामंत्री धारासिंह पटेल, सोनू गुणवान, रायसिंह मेवाडा, राधेश्याम दलपति, मनोज वैद्य, देवजी पटेल, विजेंद्र सिंह ठाकुर,विशाल चौरसिया, नरेंद्रसिंह ठाकुर, गजराजसिंह पटेल, तेजसिंह कप्तान, जीवन पटेल, केसर सिंह वर्मा, कुमेंर सिंह,जितेंद्र कौशल, जितेंद्र सिंह, हरेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह ठाकुर, धर्मेंद्र मालवीय, राजा ठाकुर, मोहित सोनी, यशवंत सिंह ठाकुर, ज्ञानसिंह ठाकुर सहित सभी अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक का संचालन सुशील संचेती ने एवं आभार धनरुपमल जैन ने व्यक्त किया । बैठक के समापन पर सभी ने भाजपा के वरिष्ठ नेता सज्जनसिंह मेवाडा मोलूखेड़ी एवं युवा भाजपा नेता उमेश ताम्रकार के दुखद निधन पर सभी ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।